Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 31-07-2006

Participants : Muqueem Shri Mohammed

>

Title : Need to lay railway line upto Sahajanwa, Mehndaval, Basi, Dumriaganj, Utraula and Balrampur in Uttar Pradesh.

मो. मुकीम (डुमरियागंज) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज व गोरखपुर, संत कबीर नगर तथा बलरामपुर संसदीय क्षेत्र में आने वाले नगर सहजनवा, मेहंदावल, बासी, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर तक रेल लाइन बिछाने हेतु सर्वे किया गया था। मेरे तथा पूर्व स्थानीय माननीय संसद सदस्यों द्वारा बार बार रेल मंत्रालय को पत्र लिखा जाता रहा, लेकिन आज तक यह कार्य नहीं किया गया। उक्त स्थानों से लगभग 80 किमी0 दूरी तय कर यात्रियों को रेल यात्रा करनी पड़ती है। जो बहुत ही कटमय है तथा उसमें समय की बरबादी होती है।

यहां यह बताया उचित होगा कि यदि इन नगरों को रेलवे लाइन से जोड़ दिया जाता है तो न केवल रेलवे के राजस्व की वृद्धि होगी, बल्कि इन नगरों का सामाजिक, आर्थिक विकास होगा तथा रोजगार के अभी अधिक अवसर उपलबध होंगे।

अतः सरकार के माध्यम से अनुरोध है कि जनहित को ध्यान में रखकर सहजनवा, मेंहदावल, बासी, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर तक शीघ्रातिशीघ्र सर्वे कराकर रेलवे लाइन बिछायी जाये जिससे हमारे संसदीय क्षेत्र के साथ अन्य संसदीय क्षेत्रों का भी सर्वांगीण विकास हो सके।